# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली

## मध्यावधि परीक्षा अभ्यास प्रश्न-पत्र

**सत्र: 2025-26 कक्षा: 9**

**विषय: हिंदी (विषय कोड-002)**

**अवधि: 3 घंटे** **अधिकतम अंक: 80 अंक**

**सामान्य निर्देश:**

- निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिए :
    - इस प्रश्नपत्र में कुल 15 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं
    - इस प्रश्नपत्र में कुल चार खंड हैं- क, ख, ग और घ।
    - खंड-क में कुल 2 प्रश्न हैं, जिनमें उप-प्रश्नों की संख्या 10 है।
    - खंड-ख में कुल 4 प्रश्न हैं, जिनमें उप-प्रश्नों की संख्या 20 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 16 उप-प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
    - खंड-ग में कुल 5 प्रश्न हैं, जिनमें उप-प्रश्नों की संख्या 21 है।
    - खंड-घ में कुल 4 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं।
    - प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।
    - यथासंभव चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमश: लिखिए।

| प्रश्न संख्या | प्रश्न | अंक |
|---|---|---|
| | **खंड-क (अपठित बोध)** | **14 अंक** |
| **1.** | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**<br><br>'संयम' स्वस्थ, सुखी और संतुलित जीवन का मार्ग है। संस्कारों को परिमार्जित करने का नाम भी संयम ही है। यदि हमारे जीवन में स्वास्थ्य व संतुलन न हो तो जीवन सुचारु रूप से चल नहीं पाएगा। कोई भी मानव असंतुलित व अस्वस्थ जीवन जीना भी नहीं चाहेगा। जो हमारे मन व इंद्रियों को मलिन करें, ऐसा कार्य कभी नहीं करना चाहिए। जब हम शरीर से अस्वस्थ होने लगते हैं तब विचार आता है कि शायद अपाच्य भोजन से तबीयत बिगड़ी होगी। परन्तु यहाँ हमारी चेतना और आत्मा की तबीयत रोज़ बिगड़ रही है, तब हम कोई चिंता क्यों नहीं करते? हमारे भीतर से ही यह विचार आना चाहिए कि जैसे शरीर की फ़िक्र है वैसे ही चेतना के उदय और पतन के लिए भी सोचना आवश्यक है। हमारी इंद्रियाँ घोड़े के समान हैं। जैसे घोड़े पर यात्रा करते समय उसकी लगाम हाथ में रखनी ज़रूरी होती है, ठीक इसी तरह जब हम इंद्रिय-घोड़े पर सवार होते हैं, तब हमारे मन की लगाम हमारे हाथ में रहे तो सारा काम आसानी से हो सकता है। आवश्यकता है तो केवल संस्कारों के परिष्कार की। यदि आप अपने स्वस्थ चरित्र और आदर्शों के बल पर जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे तो यह संसार स्वयं ही हमारी उन्नति का मार्ग प्रशस्त करेगा। | |

| | | |
|---|---|---|
| (क) | **संयम किसे कहा गया है-**<br>(क) इंद्रियों को मुक्त छोड़ना<br>(ख) संस्कारों का परिमार्जन<br>(ग) अपाच्य भोजन करना<br>(घ) अस्वस्थ जीवन जीना | 1 |
| (ख) | **'मन की लगाम हाथ में रखने' का क्या अर्थ है-**<br>(क) विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य बनाए रखना<br>(ख) अपनी इंद्रियों पर नियंत्रण रखकर कार्य करना<br>(ग) शरीर को मज़बूत बनाने के लिए परिश्रम करना<br>(घ) संतुलित आहार से स्वास्थ्य को दुरुस्त रखना | 1 |
| (ग) | **दिए गए कथन(A) व कारण(R) को पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए-**<br>**कथन (A):** हमारे जीवन में स्वास्थ्य और संतुलन नितांत महत्त्वहीन होते है।<br>**कारण (R):** स्वास्थ्य व संतुलन न हो तो जीवन सुचारु रूप से नहीं चल पाएगा।<br>**विकल्प:**<br>(क) कथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।<br>(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, पर (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।<br>(ग) कथन (A) सत्य है, पर कारण (R) असत्य है।<br>(घ) कथन (A) असत्य है, पर कारण (R) सत्य है। | 1 |
| (घ) | गद्यांश के अनुसार संयम से जीवन सुचारु रूप से चलता है। अपने अनुभव के आधार पर 'असंयमित जीवन' से उत्पन्न होने वाली कोई दो कठिनाइयाँ लिखिए। | 2 |
| (ड) | चेतना के उत्थान और पतन के लिए क्या आवश्यक है? कारण सहित उत्तर लिखिए। | 2 |
| **2.** | **निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**<br><br>हैं जन्म लेते जगह में एक ही, एक ही पौधा उन्हें है पालता।<br>रात में उन पर चमकता चाँद भी, एक ही-सी चाँदनी है डालता।<br>मेह उनपर बरसता है एक सा, एक सी उनपर हवाएँ हैं बही।<br>पर सदा ही है दिखाता है हमें, ढंग उनके एक से होते नहीं।<br>छेद कर काँटा किसी की ऊँगलियाँ, फाड़ देता है किसी का वर-वसन।<br>प्यार डूबी तितलियों के पर कतर, भौंर का है भेद देता श्याम तन।<br>फूल लेकर तितलियों को गोद में, भौंर को अपना अनूठा रस पिला।<br>निज सुगंधों औ' निराला ढंग से, है सदा देता कली जी को खिला।<br>है खटकता एक सबकी आँख में, दूसरा है सोहता सुर-शीश पर।<br>किस तरह कुल की बड़ाई काम दे, जो किसी में हो बड़प्पन की कसर। | |

| | | |
|---|---|---|
| (क) | **काव्यांश के आधार पर 'काँटे और फूल' दोनों को कौन-सी परिस्थितियाँ समान रूप से मिलीं-**<br>(क) धूप और बिजली<br>(ख) चाँदनी और हवा<br>(ग) बसन का आवरण<br>(घ) अलग-अलग मिट्टी | 1 |
| (ख) | **'काँटे और फूल' क्रमशः प्रतीक हैं-**<br>(क) मददगार और हानिकारक व्यक्ति<br>(ख) बुरे व अच्छे कर्म करनेवाले व्यक्ति<br>(ग) एकदम समान स्वभाव वाले व्यक्ति<br>(घ) किसी के काम न आने वाले व्यक्ति | 1 |
| (ग) | **दिए गए कथन (A) व कारण(R) को पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए-**<br>**कथन:** केवल वंश या कुल की प्रतिष्ठा से व्यक्ति का महत्व सिद्ध नहीं होता।<br>**कारण:** वास्तविक बड़प्पन व्यक्ति के गुणों और उसके आचरण से प्रकट होता है।<br>**विकल्प:**<br>(क) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।<br>(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, पर (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।<br>(ग) कथन (A) सही है, पर कारण (R) ग़लत है।<br>(घ) कथन (A) ग़लत है, पर कारण (R) सही है। | 1 |
| (घ) | समान परिस्थितियों में पलने-बढ़ने के बाद भी 'काँटे और फूल' के स्वभाव में अंतर होने का कारण क्या हो सकता है? अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| (ड) | कवि ने 'काँटे व फूल' के स्वभाव के माध्यम से पाठकों को क्या संदेश दिया है? दो बिंदुओं में लिखिए। | 2 |
| | **खंड-ख (व्यावहारिक व्याकरण)** | **16 अंक** |
| **3.** | **निर्देशानुसार 'उपसर्ग-प्रत्यय' पर आधारित पूछे गए पाँच प्रश्नों में से <u>किन्हीं चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** | 4X1=4 |
| (क) | 'बे' उपसर्ग प्रयुक्त एक शब्द का निर्माण कीजिए। | |
| (ख) | 'नियोजन' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग लिखिए। | |
| (ग) | 'ई' प्रत्यय युक्त एक शब्द का निर्माण कीजिए। | |
| (घ) | 'सामाजिक' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय लिखिए। | |
| (ड) | 'असरदार' शब्द में प्रयुक्त मूल शब्द लिखिए। | |
| **4.** | **निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पूछे गए पाँच प्रश्नों में से <u>किन्हीं चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** | **4X1=4** |
| (क) | 'आमरण' शब्द में प्रयुक्त समास भेद लिखिए। | |
| (ख) | पीला है अंबर जिसका अर्थात 'विष्णु'- समास विग्रह के लिए 'समस्त पद' लिखिए। | |
| (ग) | 'महात्मा' शब्द में प्रयुक्त समास भेद लिखिए। | |

| | | |
|---|---|---|
| (घ) | 'रसोईघर' समस्त पद का विग्रह कीजिए। | |
| (ङ) | किस समास का पूर्व पद एक 'अव्यय' शब्द होता है? | |
| **5.** | **निर्देशानुसार 'अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद' पर आधारित पूछे गए पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** | **4X1=4** |
| (क) | आपका कल्याण हो। (वाक्य भेद लिखिए) | |
| (ख) | झूरी इन्हें फूल की छड़ी से भी न छूता था। (वाक्य भेद लिखिए) | |
| (ग) | वह एक यजमान से मिलना चाहते थे। (संदेहवाचक वाक्य में रूपांतरित कीजिए।) | |
| (घ) | खेती का इंतज़ाम देखने के लिए वहाँ कोई भिक्षु भेजा जाता है।(नकारात्मक वाक्य में रूपांतरित कीजिए) | |
| (ङ) | कोई साँड डौंकता चला आ रहा है। (प्रश्नवाचक वाक्य में रूपांतरित कीजिए।) | |
| 6. | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार रेखांकित पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार पहचान कर लिखिए :** | **4X1=4** |
| (क) | जे तीन बेर खाती थीं, वे तीन बेर खाती हैं। | |
| (ख) | भर गया जी हनीफ़ जी जी कर, थक गए दिल के चाक सी सी कर। | |
| (ग) | कहैं कबीर सुनो भाई साधो, सब स्वाँसों की स्वाँस में। | |
| (घ) | जो रहीम गति दीप की, कुल कपूत की सोय। बारे उजियारो करे, बढे अंधेरो होय। | |
| (ङ) | कूड़ कपट काया का निकस्या, हरि की गति जब जाँणी। | |
| | **खंड-ग (पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक)** | **30 अंक** |
| **7.** | **निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए-**<br>तिब्बत की ज़मीन बहुत अधिक छोटे-बड़े जागीरदारों में बँटी है। इन जागीरों का बहुत ज़्यादा हिस्सा मठों (विहारों) के हाथ में है। अपनी-अपनी जागीर में हरेक जागीरदार कुछ खेती खुद भी कराता है, जिसके लिए मज़दूर बेगार में मिल जाते हैं। खेती का इंतज़ाम देखने के लिए वहाँ कोई भिक्षु भेजा जाता है, जो जागीर के आदमियों के लिए राजा से कम नहीं होता। शेकर की खेती के मुख्य भिक्षु (नम्से) बड़े भद्र पुरुष थे। वह बहुत प्रेम से मिले, हालाँकि उस वक्त मेरा भेष ऐसा नहीं था कि उन्हें कुछ भी खयाल करना चाहिए था। यहाँ एक अच्छा मंदिर था; जिसमें कन्जुर (बुद्धवचन-अनुवाद) की हस्तलिखित 103 पोथियाँ रखी हुई थीं। मेरा आसन भी वहीं लगा। वह बड़े मोटे कागज़ पर अच्छे अक्षरों में लिखी हुई थीं। | **5X1=5** |
| (क) | **गद्यांश के अनुसार तिब्बत की भूमि मुख्य रूप से अधीन थी-**<br>(क) संबंधित जागीरदारों के<br>(ख) ज़मीन के मालिक के<br>(ग) मठों अथवा विहारों के<br>(घ) राजाओं और नम्से के | |

| | | |
|---|---|---|
| (ख) | **'कन्जुर' का संबंध है-**<br>(क) बौद्ध मठों और विहारों से<br>(ख) बुद्ध नम्से के समूहों से<br>(ग) बुद्ध वचन अनुवाद से<br>(घ) मंदिर की दीवारों पर लिखे वचनों से | |
| (ग) | **दिए गए कथन (A) व कारण (R) को पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए-**<br>**कथन (A):** मंदिर में कन्जुर की 103 हस्तलिखित पोथियों सुरक्षित रखी हुई थीं।<br>**कारण (R):** तिब्बती समाज अपने धार्मिक ग्रंथों के संरक्षण के प्रति सजग था।<br>**विकल्प-**<br>(क) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की उचित व्याख्या करता है।<br>(ख) कथन व कारण दोनों सही हैं, परंतु कारण कथन की उचित व्याख्या नहीं करता है।<br>(ग) कथन सही है, कारण ग़लत है।<br>(घ) कथन ग़लत है, कारण सही है। | |
| (घ) | **निम्नलिखित में से 'बुद्धवचन-अनुवाद' से संबंधित किन कथनों की पुष्टि गद्यांश नहीं करता है-**<br>**कथन-**<br>1) ये अनूदित थे व हाथ से लिखे गए थे।<br>2) मोटे ताम्रपत्र पर स्पष्ट लिखे थे।<br>3) इनकी कुल संख्या 103 थी।<br>4) तिब्बत के प्रत्येक घर में उपलब्ध थे।<br>**विकल्प:**<br>(क) केवल कथन 2 और 3 सही हैं।<br>(ख) केवल कथन 1 और 4 सही हैं।<br>(ग) केवल कथन 1 और 3 सही हैं।<br>(घ) केवल कथन 2 और 4 सही हैं। | |
| (ङ) | **गद्यांश से यह स्पष्ट होता है कि तिब्बत की भूमि-व्यवस्था–**<br>(क) धार्मिक संस्थाओं को आर्थिक दृष्टि से मज़बूत बनाती थी।<br>(ख) किसानों को श्रम का उचित प्रतिफल उपलब्ध कराती थी।<br>(ग) राजा को अप्रत्यक्ष रूप से कृषि कार्य से जोड़े रखती थी।<br>(घ) व्यापारियों को कृषि से विशेष प्रकार से लाभ पहुँचाती थी। | |
| **8.** | **निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से <u>किन्ही तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए-** | **3X2=6** |
| (क) | 'दो बैलों की कथा' पाठ के आधार पर हीरा और मोती की स्वभावगत विशेषताओं की तुलना कीजिए। | |
| (ख) | उपभोक्तावादी संस्कृति ने हमारे पारंपरिक उत्सवों को किस तरह नया रूप दिया है? उदाहरण सहित लिखिए। | |

| | | |
|---|---|---|
| (ग) | 'ल्हासा की ओर' पाठ में वर्णित तिब्बती समाज की कौन-सी विशेषताएँ हमारे वर्तमान समाज को भी अपनानी चाहिए? कारण सहित लिखिए। | |
| (घ) | हीरा और मोती ने कठिनाइयों के बावजूद अन्याय का डटकर विरोध किया। इस कहानी से हमें क्या सीख मिलती है? तर्क सहित उत्तर लिखिए। | |
| **9.** | **निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए-**<br>मोरपंखा सिर ऊपर राखिहौं, गुंज की माल गरें पहिरौंगी।<br>ओढि पितंबर लै लकुटी बन गोधन ग्वारनि संग फिरौंगी।।<br>भावतो वोहि मेरो रसखानि सों तेरे कहे सब स्वाँग करौंगी।<br>या मुरली मुरलीधर की अधरान धरी अधरा न धरौंगी।। | **5X1=5** |
| (क) | **इस सवैये में गोपियाँ किसका स्वरुप धारण करने की बात कर रही हैं-**<br>(क) कृष्ण का<br>(ख) मुरली का<br>(ग) कवि का<br>(घ) ग्वालों का | |
| (ख) | **निम्नलिखित में से किन कथनों की पुष्टि काव्यांश करता है-**<br>(1) मोरपंख और गुंज-माला पहनने की चाह<br>(2) मुरली होंठों पर रख स्वांग करने की इच्छा<br>(3) लकुटी ले ग्वालों संग फिरने की कामना<br>(4) गायों को पीतांबर ओढ़ाने की आकांक्षा<br>**विकल्प:**<br>(क) केवल (1) और (3)<br>(ख) केवल (3) और (4)<br>(ग) (1), (2) और (3)<br>(घ) (1), (3) और (4) | |
| (ग) | **कवि रसखान के अनुसार, कृष्ण सानिध्य हेतु गोपियाँ–**<br>(क) हर स्वाँग करने को तैयार हैं।<br>(ख) केवल राजसी वैभव चाहती हैं।<br>(ग) मुरली स्वयं बजाना चाहती हैं।<br>(घ) वन में तपस्या करना चाहते हैं। | |
| (घ) | **"भावतो वोहि मेरो रसखानि" पंक्ति से कवि का क्या तात्पर्य है?**<br>(क) जो कृष्ण चाहें, वही रसखान की इच्छा<br>(ख) अपनी ही इच्छाओं को सर्वोपरि मानना<br>(ग) केवल राजसी वैभव ही रास आना<br>(घ) समाज की अपेक्षाओं को पूरा करना | |

| | | |
|---|---|---|
| (ङ) | **दिए गए कथन(A) व कारण को पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए-**<br>**कथन (A):** गोपियाँ मुरलीधर की मुरली को अपने अधरों से कभी नहीं छूना चाहतीं हैं।<br>**कारण (R):** वे मुरली से ईर्ष्या करती हैं कि उसे कृष्ण के अधरों का स्पर्श प्राप्त हुआ है।<br>**विकल्प:**<br>(क) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की उचित व्याख्या करता है।<br>(ख) कथन और कारण दोनों सही हैं, परंतु कारण कथन की उचित व्याख्या नहीं करता।<br>(ग) कथन सही है, कारण ग़लत है।<br>(घ) कथन ग़लत है, कारण सही है। | |
| **10.** | **निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से <u>किन्ही तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए-** | **3X2=6** |
| (क) | रसखान कृष्ण के सानिध्य की प्राप्ति के लिए किन-किन रूपों में जन्म लेने को तैयार हैं? | |
| (ख) | 'सच्ची आस्था नाम- रूप में है या आचरण में' —कबीर की साखियों के आधार पर तर्क सहित उत्तर लिखिए। | |
| (ग) | कवयित्री ललद्यद के अनुसार 'साँकल' किसका प्रतीक है तथा उसे खोलने का साधन क्या है? | |
| (ङ) | ईश्वर की प्राप्ति कहाँ और किस प्रकार की जा सकती है? कबीर के सबद के संदर्भ में लिखिए। | |
| **11** | **पूरक पाठ्यपुस्तक के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से <u>किन्ही दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए-** | **2X4=8** |
| (क) | बाढ़ संभावित क्षेत्र के लोगों को बचाव के तौर पर किस प्रकार तैयारियाँ करनी चाहिए? पाठ 'इस जल प्रलय में' के आधार पर लिखिए। | |
| (ख) | पटना में आई बाढ़ से लेखक ने जो कुछ अनुभव किया वह पिछले अनुभवों से किस तरह भिन्न है? पाठ 'इस जल प्रलय में' के आधार पर लिखिए। | |
| (ग) | लेखक ने बाढ़ के समय लोगों की कठिनाइयों और जिज्ञासाओं का चित्रण किया है। आपके विचार से ऐसे समय में समाज को एक-दूसरे की मदद किस तरह करनी चाहिए? | |
| | **खंड-घ (रचनात्मक लेखन)** | **20 अंक** |
| **12.** | **निम्नलिखित में से <u>किसी एक विषय पर</u> संकेत बिंदुओं के आधार पर 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए-**<br>**(क) जलवायु परिवर्तन की चुनौती**<br>**<u>संकेत-बिंदु:</u>**<br>• जलवायु परिवर्तन के कारण।<br>• प्रकृति व जीवन पर असर।<br>• बचाव के उपाय और कदम। | **1X6=6** |

| | | |
|---|---|---|
| | **(ख) स्वच्छ भारत अभियान**<br>**<u>संकेत-बिंदु:</u>**<br>• अभियान का उद्देश्य।<br>• नागरिकों की भूमिका।<br>• स्वच्छ भारत के लाभ।<br>**(ग) कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) और भविष्य**<br>**<u>संकेत-बिंदु:</u>**<br>• कृत्रिम बुद्धिमत्ता(AI) के लाभ।<br>• संभावित ख़तरे व चुनौतियाँ।<br>• सही प्रयोग और सुरक्षा। | |
| **13.** | **निम्नलिखित में से <u>किसी एक विषय पर</u> लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए-**<br>**(क)** आप समीर/समीरा हैं। आपके क्षेत्र में बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या हो जाती है, जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है। नगर निगम महापौर (मेयर) को पत्र लिखकर इस समस्या का समाधान करने का निवेदन कीजिए।<br>**अथवा**<br>**(ख)** आप हरमन/हरप्रीत हैं। आपके एक मित्र ने हाल ही में 'सोशल मीडिया के प्रभाव' विषय पर निबंध प्रतियोगिता जीती है। उसे बधाई देते हुए एक पत्र लिखिए। | **1X5=5** |
| **14.** | **(क)** आप रजनी/राजेश हैं और कक्षा मॉनिटर भी हैं। आपके विद्यालय में '*सड़क सुरक्षा सप्ताह*' मनाया जा रहा है। अपने क्षेत्र के ट्रैफिक पुलिस अधीक्षक को विद्यालय में बच्चों के लिए 'सड़क सुरक्षा' विषय पर कार्यशाला लेने हेतु आमंत्रित करते हुए लगभग 100 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।<br>**अथवा**<br>**(ख)** दिए गए संकेतों के आधार पर लगभग 100 शब्दों में एक लघु कथा लिखिए-<br>**संकेत**:<br>• विद्यार्थी शॉर्टकट अपनाता/अपनाती है, किन्तु सफलता न मिलना, शिक्षक द्वारा परिश्रम की सीख, विद्यार्थी द्वारा लगातार मेहनत, सफल होना, शिक्षा। | **1X5=5** |
| **15.** | **(क)** दो मित्रों के बीच इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग और साइबर अपराध से बचने के तरीकों के विषय पर होने वाले संवादों को लगभग 80 शब्दों में लिखिए।<br>**अथवा**<br>**(ख)** आप जेनिफ़र/जोसेफ़ हैं और अपने विद्यालय की सांस्कृतिक समिति के सचिव हैं। विद्यालय में शिक्षक दिवस समारोह आयोजित होने जा रहा है। विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के इच्छुक विद्यार्थियों को सूचित करने हेतु लगभग 80 शब्दों में एक सूचना लिखिए। | **1X4=4** |